सं0 8/आ0 (राज0 नि0)–1–226/2022–129––निबंधन कार्यालयों को राजस्व हित में खोलकर निबंधन का कार्य करने संबंधी विभागीय आदेश/निदेश के विरुद्ध बिहार निबंधन सेवा के पदाधिकारियों द्वारा आदेश/निदेश का उल्लंघन के उद्देश्य से दिनांक–24.10.2022 से 29.10.2022 तक अपने Whatsapp Group में वरीय पदाधिकारियों के संबंध में अमर्यादित टिप्पणी की गयी है और अपने संवर्ग के अन्य पदाधिकारियों को भी अनुशासनहीनता के लिये प्रेरित किया गया है। इस तरह की टिप्पणी करना बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के प्रावधानों के प्रतिकूल है। Chatting का हार्डकॉपी जन शिकायत के रूप में प्राप्त हुई, जिसके अवलोकनोपरांत अनुशासनहीनता का वरण करने वाले पदाधिकारियों से अनुशासनहीनता एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के लिये स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। श्री कौशल कुमार झा, अवर निबंधक, दलसिंह सराय (समस्तीपुर) से की गई कारण पृच्छा के संदर्भ में उनके द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाना स्वीकार नहीं किया गया है। किन्तु Chatting के हार्डकॉपी में अंकित उनकी टिप्पणी के मद्देनजर स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं है।

अतः श्री कौशल कुमार झा, अवर निबंधक, दलसिंह सराय (समस्तीपुर) से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकार करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14(i) के तहत् वर्ष 2022–23 के लिये निन्दन का दण्ड अधिरोपित किया जाता है। यदि पूर्व में कोई दण्ड अधिरोपित हो तो, यह दण्ड उसके बाद प्रभावी होगा।

2. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
निरंजन कुमार, उप–सचिव।

———

6 जनवरी 2023

सं0 8/आ0 (राज0 नि0)–1–226/2022–126––निबंधन कार्यालयों को राजस्व हित में खोलकर निबंधन का कार्य करने संबंधी विभागीय आदेश/निदेश के विरुद्ध बिहार निबंधन सेवा के पदाधिकारियों द्वारा आदेश/निदेश का उल्लंघन के उद्देश्य से दिनांक–24.10.2022 से 29.10.2022 तक अपने Whatsapp Group में वरीय पदाधिकारियों के संबंध में अमर्यादित टिप्पणी की गयी है और अपने संवर्ग के अन्य पदाधिकारियों को भी अनुशासनहीनता के लिये प्रेरित किया गया है। इस तरह की टिप्पणी करना बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के प्रावधानों के प्रतिकूल है। Chatting का हार्डकॉपी जन शिकायत के रूप में प्राप्त हुई, जिसके अवलोकनोपरांत अनुशासनहीनता का वरण करने वाले पदाधिकारियों से अनुशासनहीनता एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के लिये स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। श्री प्रफुल्ल कुमार सिंह, अवर निबंधक, बहादुरगंज (किशनगंज) से की गई कारण पृच्छा के संदर्भ में उनके द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाना स्वीकार नहीं किया गया है। किन्तु Chatting के हार्डकॉपी में अंकित उनकी टिप्पणी के मद्देनजर स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं है।

अतः श्री प्रफुल्ल कुमार सिंह, अवर निबंधक, बहादुरगंज (किशनगंज) से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकार करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14(i) के तहत् वर्ष 2022–23 के लिये निन्दन का दण्ड अधिरोपित किया जाता है। यदि पूर्व में कोई दण्ड अधिरोपित हो तो, यह दण्ड उसके बाद प्रभावी होगा।

2. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
निरंजन कुमार, उप–सचिव।

6 जनवरी 2023

सं0 8/आ0 (राज0 नि0)–1–226/2022–124––निबंधन कार्यालयों को राजस्व हित में खोलकर निबंधन का कार्य करने संबंधी विभागीय आदेश/निदेश के विरुद्ध बिहार निबंधन सेवा के पदाधिकारियों द्वारा आदेश/निदेश का उल्लंघन के उद्देश्य से दिनांक–24.10.2022 से 29.10.2022 तक अपने Whatsapp Group में वरीय पदाधिकारियों के संबंध में अमर्यादित टिप्पणी की गयी है और अपने संवर्ग के अन्य पदाधिकारियों को भी अनुशासनहीनता के लिये प्रेरित किया गया है। इस तरह की टिप्पणी करना बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के प्रावधानों के प्रतिकूल है। Chatting का हार्डकॉपी जन शिकायत के रूप में प्राप्त हुई, जिसके अवलोकनोपरांत अनुशासनहीनता का वरण करने वाले पदाधिकारियों से अनुशासनहीनता एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के लिये स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। सुश्री अपर्णा शिवा, अवर निबंधक, हवेली खड़गपुर (मुंगेर) से की गई कारण पृच्छा के संदर्भ में उनके द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाना स्वीकार नहीं किया गया है। किन्तु Chatting के हार्डकॉपी में अंकित उनकी टिप्पणी के मद्देनजर स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं है।

अतः सुश्री अपर्णा शिवा, अवर निबंधक, हवेली खड़गपुर (मुंगेर) से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकार करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14(i) के तहत् वर्ष 2022–23 के लिये निन्दन का दण्ड अधिरोपित किया जाता है। यदि पूर्व में कोई दण्ड अधिरोपित हो तो, यह दण्ड उसके बाद प्रभावी होगा।

2. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
निरंजन कुमार, उप–सचिव।

———

6 जनवरी 2023

सं0 8/आ0 (राज0 नि0)–1–226/2022–123––निबंधन कार्यालयों को राजस्व हित में खोलकर निबंधन का कार्य करने संबंधी विभागीय आदेश/निदेश के विरुद्ध बिहार निबंधन सेवा के पदाधिकारियों द्वारा आदेश/निदेश का उल्लंघन के उद्देश्य से दिनांक–24.10.2022 से 29.10.2022 तक अपने Whatsapp Group में वरीय पदाधिकारियों के संबंध में अमर्यादित टिप्पणी की गयी है और अपने संवर्ग के अन्य पदाधिकारियों को भी अनुशासनहीनता के लिये प्रेरित किया गया है। इस तरह की टिप्पणी करना बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के प्रावधानों के प्रतिकूल है। Chatting का हार्डकॉपी जन शिकायत के रूप में प्राप्त हुई, जिसके अवलोकनोपरांत अनुशासनहीनता का वरण करने वाले पदाधिकारियों से अनुशासनहीनता एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के लिये स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। श्री मुकेश कुमार सुमन, अवर निबंधक, तेघड़ा (बेगुसराय) से की गई कारण पृच्छा के संदर्भ में उनके द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाना स्वीकार नहीं किया गया है। किन्तु Chatting के हार्डकॉपी में अंकित उनकी टिप्पणी के मद्देनजर स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं है।

अतः श्री मुकेश कुमार सुमन, अवर निबंधक, तेघड़ा (बेगुसराय) से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकार करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14(i) के तहत् वर्ष 2022–23 के लिये निन्दन का दण्ड अधिरोपित किया जाता है। यदि पूर्व में कोई दण्ड अधिरोपित हो तो, यह दण्ड उसके बाद प्रभावी होगा।

2. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
निरंजन कुमार, उप–सचिव।

———

गृह विभाग
(विशेष शाखा)

———

आदेश
10 जनवरी 2023

सं० एल/एच०जी०–14–05/2020–**337**––महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा का कार्यालय, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशाम सेवाएँ, बिहार, पटना के पत्रांक–6744, दिनांक–15.12.2022 द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में श्रीमती तृप्ति सिंह, जिला समादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) को उनकी प्रथम संतान के लिए बिहार सेवा संहिता (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम–220 के तहत दिनांक–01.03.2023 से 27.08.2023 तक कुल 180 (एक सौ अस्सी) दिनों के मातृत्व अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस आदेश में अपर मुख्य सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश से,

अनिमेश पाण्डेय, संयुक्त सचिव।

ग्रामीण विकास विभाग

अधिसूचनाएं

11 जनवरी 2023

सं0 ग्रा0वि0-14(सा0)सि0-08/2020-1502178---श्री दीपक कुमार सिंह, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह- प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हुसैनगंज, सिवान सम्प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी, परसा (सारण) के विरुद्ध प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हुसैनगंज (सिवान) के पद पर रहते हुये मई, 2019 में टी0एच0आर0/एच0सी0एम0 वितरण नहीं करने के आरोप में समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक- 2376 दिनांक- 22.06.2021 द्वारा आरोप पत्र प्राप्त है ।

समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रतिवेदित आरोप पर श्री सिंह का स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया जिसमें उनके द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सी0एफ0एम0एस0 सॉफ्टवेयर पर कार्य करने हेतु मेकर-चेकर एवं एप्रुभर को कोई विस्तृत प्रशिक्षण नहीं दिया गया था। आई0सी0डी0एस0 निदेशालय द्वारा विलंब से आवंटन उपलब्ध कराने एवं उसकी जानकारी किसी भी स्तर से नहीं दिये जाने के कारण कोषागार से निकासी विलंब से हो पाया ।

समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवेदित आरोप एवं आरोपी पदाधिकारी के स्पष्टीकरण की समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री सिंह के द्वारा टी0एच0आर0/एच0सी0एम0 वितरण में लापरवाही बरती गयी है । इनका स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं पाया गया ।

अतएव विभाग द्वारा सम्यक विचारोपरांत श्री दीपक कुमार सिंह, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हुसैनगंज, सिवान सम्प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी, परसा (सारण) द्वारा कर्तव्य में बरती गई उक्त लापरवाही एवं पदीय दायित्वों के निर्वहन में चूक के लिए विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक-702410 दिनांक- 11.01.2022 द्वारा इन्हें 'असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि पर रोक' का दंड अधिरोपित किया गया है।

उक्त शास्ति के विरुद्ध श्री दीपक कुमार सिंह के कार्यालय प्रखंड विकास पदाधिकारी, परसा, सारण के पत्रांक-138 दिनांक- 12.02.2022 द्वारा समर्पित पुनर्विलोकन अभ्यावेदन की विभाग द्वारा समीक्षा की गई ।

समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री सिंह के उक्त अभ्यावेदन में कोई नया तथ्य या साक्ष्य समर्पित नहीं किया गया जिससे पूर्व में अधिरोपित शास्ति में परिवर्तन किया जा सके ।

अत: सम्यक् विचारोपरान्त श्री सिंह द्वारा समर्पित पुनर्विलोकन अभ्यावेदन अस्वीकृत किया जाता है।

उक्त आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश:-आदेश दिया जाता है कि अधिसूचना की प्रति सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी जाय ।

बिहार-राज्यपाल के आदेश से,
बालामुरूगन डी0, सचिव।

---

11 जनवरी 2023

सं0 ग्रा0वि0-14(सा0)सि0-09/2020-1502135---श्री दीपक कुमार सिंह, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह- प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हसनपुरा, सिवान सम्प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी, परसा (सारण) के विरुद्ध प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हसनपुरा (सिवान) के पद पर रहते हुये मई, 2019 में टी0एच0आर0/एच0सी0एम0 वितरण नहीं करने के आरोप में समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक- 2377 दिनांक- 22.06.2021 द्वारा आरोप पत्र प्राप्त है ।

समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रतिवेदित आरोप पर श्री सिंह का स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया जिसमें उनके द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सी0एफ0एम0एस0 सॉफ्टवेयर पर कार्य करने हेतु मेकर-चेकर एवं एप्रुभर को कोई विस्तृत प्रशिक्षण नहीं दिया गया था। आई0सी0डी0एस0 निदेशालय द्वारा विलंब से आवंटन

उपलब्ध कराने एवं उसकी जानकारी किसी भी स्तर से नहीं दिये जाने के कारण कोषागार से निकासी विलंब से हो पाया ।

समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवेदित आरोप एवं आरोपी पदाधिकारी के स्पष्टीकरण की समीक्षा की गई । समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री सिंह के द्वारा टी0एच0आर0/एच0सी0एम0 वितरण में लापरवाही बरती गयी है । इनका स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं पाया गया ।

अतएव सम्यक विचारोपरांत श्री दीपक कुमार सिंह, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हसनपुरा, सिवान सम्प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी, परसा (सारण) द्वारा कर्तव्य में बरती गई उक्त लापरवाही एवं पदीय दायित्वों के निर्वहन में चूक के लिए विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक- 702423 दिनांक- 11.01.2022 द्वारा इन्हें 'असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि पर रोक' का दंड अधिरोपित किया गया।

उक्त शास्ति के विरुद्ध श्री दीपक कुमार सिंह के कार्यालय प्रखंड विकास पदाधिकारी, परसा, सारण के पत्रांक- 139 दिनांक- 12.02.2022 द्वारा समर्पित पुनर्विलोकन अभ्यावेदन की विभाग द्वारा समीक्षा की गई ।

समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री सिंह के उक्त अभ्यावेदन में कोई नया तथ्य या साक्ष्य समर्पित नहीं किया गया जिससे पूर्व में अधिरोपित शास्ति में परिवर्तन किया जा सके ।

अत: सम्यक् विचारोपरान्त श्री सिंह द्वारा समर्पित पुनर्विलोकन अभ्यावेदन अस्वीकृत किया जाता है।

उक्त आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश:- आदेश दिया जाता है कि अधिसूचना की प्रति सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी जाय ।

बिहार-राज्यपाल के आदेश से,
बालामुरूगन डी0, सचिव।

———

11 जनवरी 2023

सं0 ग्रा0वि0- 14(ति0)मु0- 03/2019-1499410---श्री सिद्धार्थ कुमार, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, बोचहा, मुजफ्फरपुर सम्प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी, काराकाट (रोहतास) के विरुद्ध जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के पत्रांक- 1443 दिनांक-21.12.2018 के द्वारा आरोप पत्र प्राप्त एवं श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत विभागीय कार्यालय आदेश संख्या- 587828 दिनांक- 04.10.2021 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी । संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत विभागीय अधिसूचना संख्या- 1324075 दिनांक- 21.10.2022 द्वारा श्री सिद्धार्थ कुमार, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, बोचहा, मुजफ्फरपुर सम्प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी, काराकाट (रोहतास) को लघु दंड के रूप में "असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि पर रोक" का दंड अधिरोपित किया गया ।

अधिरोपित दंड के विरुद्ध श्री कुमार द्वारा दिनांक- 09.11.2022 को पुनर्विलोकन आवेदन समर्पित किया गया । पुनर्विलोकन अभ्यावेदन की समीक्षा विभाग द्वारा की गयी । समीक्षोपरांत पाया गया कि श्री कुमार द्वारा अपने अभ्यावेदन में कोई नया तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया है ।

अत: समीक्षोपरांत श्री सिद्धार्थ कुमार के पुनर्विचार अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया जाता है ।

उक्त आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश:-आदेश दिया जाता है कि अधिसूचना की प्रति सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी जाय ।

बिहार-राज्यपाल के आदेश से,

बालामुरूगन डी0, सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 44—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in

बिहार गजट
का
पूरक(अ0)
प्राधिकारी द्वारा प्रकाशित

सं0 कारा/नि0को0(अधी0)–01–09/2021––301
कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय
गृह विभाग (कारा)

संकल्प
11 जनवरी 2023

श्री सत्येन्द्र कुमार, बिहार कारा सेवा, तत्कालीन अधीक्षक, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना (सम्प्रति निलंबित) संलग्न केन्द्रीय कारा, पूर्णियाँ के विरूद्ध उनके आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना में पदस्थापन के दौरान दिनांक 03.03.2021 को जिलाधिकारी, पटना के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना में की गई औचक छापेमारी में 02 मोबाईल फोन, 01 मोबाईल सिम एवं 02 पंजियों की बरामदगी, जिला प्रशासन की टीम के कारा पर पहुँचने पर 30 मिनट विलम्ब से कारा का गेट खोले जाने तथा निरीक्षण में पाई गई अन्य कतिपय अनियमितता एवं दिनांक 07.03.2021 को कारा प्रशासन द्वारा की गई छापेमारी में 01 मोबाईल फोन एवं 01 मोबाईल चार्जर तथा दिनांक 08.03.2021 को कारा महानिरीक्षक के नेतृत्व में की गई औचक छापेमारी में पुनः 02 मोबाईल फोन, 01 पेन ड्राईव एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों की बरामदगी तथा कारा के अन्दर से बंदियों द्वारा वीडियो बनाकर वायरल किये जाने की घटना में बरती गई लापरवाही एवं कर्त्तव्यहीनता के प्रतिवेदित आरोपों के लिए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–2418 दिनांक 10.03.2021 द्वारा श्री सत्येन्द्र कुमार, तत्कालीन अधीक्षक, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना को निलंबित किया गया तथा निलंबनावस्था में उनका मुख्यालय केन्द्रीय कारा, पूर्णियाँ निर्धारित किया गया। उक्त प्रतिवेदित आरोपों के लिए प्रपत्र 'क' में गठित आरोप पत्र के आलोक में विभागीय संकल्प ज्ञापांक–6568 दिनांक 30.07.2021 द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गई है। विभागीय कार्यवाही के संचालन हेतु आयुक्त, पटना प्रमण्डल, पटना को संचालन पदाधिकारी तथा अधीक्षक, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

2. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 13655/सा0प्र0, दिनांक 15.12.2011 की कंडिका–2(1)(ग) के प्रावधान के आलोक में आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना के आदेश ज्ञापांक 775/स्था0, दिनांक 01.09.2021 द्वारा उक्त विभागीय कार्यवाही में नियमानुसार जाँच सम्पन्न कर जाँच अभिलेख अनुशासनिक प्राधिकार को उपलब्ध कराने हेतु जाँच का कार्य संयुक्त आयुक्त, विभागीय जाँच, पटना प्रमण्डल, पटना को हस्तांतरित किया गया।

3. संचालन पदाधिकारी–सह–संयुक्त आयुक्त, विभागीय जाँच, पटना प्रमण्डल, पटना के पत्रांक–595/स्था0, दिनांक–07.06.2022 द्वारा विभागीय कार्यवाही का जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया, जिसमें श्री सत्येन्द्र कुमार, तत्कालीन अधीक्षक, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना (सम्प्रति निलंबित) के विरूद्ध प्रपत्र 'क' में गठित कुल 07 आरोपों में से आरोप संख्या–01, 02, 05 एवं 07 को आंशिक रूप से प्रमाणित तथा आरोप संख्या–03, 04 एवं 06 को प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया।

4. बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 18(3) के प्रावधान के तहत विभागीय ज्ञापांक 7362 दिनांक 05.07.2022 द्वारा संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन की छायाप्रति उपलब्ध कराते हुए आरोपित पदाधिकारी श्री सत्येन्द्र कुमार से द्वितीय कारण पृच्छा/लिखित अभ्यावेदन की मांग की गई।

5. तद्आलोक में श्री सत्येन्द्र कुमार द्वारा अपना द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब/लिखित अभ्यावेदन दिनांक 08.09.2022 समर्पित किया गया, जिसमें उनका कहना है कि आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना की भौगोलिक संरचना के कारण कारा में प्रतिबंधित सामग्रियों के आगमन को पूर्णतः प्रतिबंधित करना असंभव है। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि उन्हें 4 मोबाईल के संबंध में दोषी माना गया, जबकि ये 4 मोबाईल 3 निरीक्षण में जब्त किये गये थे। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा प्रतिबंधित सामग्रियों की प्राप्ति हेतु समय–समय पर औचक छापेमारी करते हुए प्रतिबंधित सामग्रियों को जब्त कर स्थानीय बेऊर थाना में इससे संबंधित प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उनका कहना है कि बिहार कारा हस्तक, 2012 के

नियम–800(i),(ii), नियम–21(i) एवं नियम–799 (i) (xi) में प्रतिबंधित सामग्रियों के संबंध में उपाधीक्षक दोषी है, न कि अधीक्षक। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि उनके कार्यालय प्रधान होने के नाते संचालन पदाधिकारी द्वारा आरोप को अंशतः प्रमाणित किया गया है।

आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि दिनांक 03.03.2021 को जिलाधिकारी, पटना के औचक निरीक्षण के क्रम में 30 मिनट विलम्ब से कारा का मुख्य द्वार खोलने के संबंध में तत्कालीन उपाधीक्षक दोषी हैं। जब जिला पदाधिकारी द्वारा कारा के अंदर प्रवेश किया गया, तो उन्होंने गोलघर जाने की इच्छा जताई, जिसमें कुख्यात बंदी सुबोध सिंह संसीमित थे, लेकिन जब वे गोलघर से बाहर निकले तो डिवीजन वार्ड की बात कही, लेकिन डिवीजन वार्ड न जाकर जुबेनाईल वार्ड चले गये। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि बिहार कारा हस्तक, 2012 के नियम 796 (i) (ii) का पूर्णतः अनुपालन उनके द्वारा किया गया है तथा नियम–797 (iii) के आलोक में सम्पूर्ण कारा के अंदरूनी परिसीमाओं की पूर्ण जानकारी उन्हें थी।

आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि कुख्यात बंदी सुबोध सिंह द्वारा रंगदारी मांगने एवं वीडियो वायरल होने के समय वे दिनांक 13.02.2021 से 15.02.2021 तक BICA, हाजीपुर में बंदियों के अधिकार विषय पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित थे। जहाँ तक परस्पर विरोधी प्रतिवेदन का प्रश्न है, इसका उद्देश्य कोई भ्रामक स्थिति पैदा करना नहीं था, बल्कि पूर्व में किये गये गलती का सुधार मात्र था। संचालन पदाधिकारी द्वारा मुलाकाती के प्रश्न पर आरोप को प्रमाणित माना है, इस संबंध में आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि तत्कालीन कारा महानिरीक्षक के दूरभाषित निर्देश पर बंदी कुणाल शर्मा को उनके पिता से मिलवाया गया था। साथ ही बिहार कारा हस्तक, 2012 के नियम–305 में जहाँ मुलाकाती को अधीक्षक के विवेक पर छोड़ा गया है, वहीं नियम 307 में वर्णित है कि–'' अधीक्षक असाधारण परिस्थितियों में भी मुलाकाती की अनुमति दे सकता है।'' आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि संचालन पदाधिकारी द्वारा उनके (आरोपित पदाधिकारी) प्रशासनिक काल में आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना में प्रशासनिक लचर व्यवस्था के आरोप को अंशतः प्रमाणित माना है। इस संबंध में आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि दिनांक 07.03.2021 को तत्कालीन कारा महानिरीक्षक द्वारा कारा का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण प्रतिवेदन में कारा महानिरीक्षक द्वारा कहीं भी इस बात का उल्लेख नहीं किया गया है कि कारा की प्रशासनिक व्यवस्था काफी लचर थी। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि उपरोक्त वर्णन से स्पष्ट है कि वे न तो अपने पदीय दायित्व में लापरवाह थे और न हीं अधीनस्थ कर्मियों पर उनका अनियंत्रण था। आरोपित पदाधिकारी का कहना है कि उनके कार्यकाल में न कभी बंदी पलायन हुआ है, न कभी भूख हड़ताल हुआ है और न ही कभी कोई संघर्ष हुआ है। आरोपित पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त वर्णन के आधार पर आरोपों से पूर्णतः मुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

6. आरोप पत्र, संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन एवं श्री कुमार द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गई, जिसमें पाया गया कि आरोपित पदाधिकारी का अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में कहना है कि कई अवसरों पर कारा प्रशासन द्वारा औचक छापेमारी कर प्रतिबंधित सामग्रियों को जब्त किया जाता था तथा स्थानीय बेऊर थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाती थी। आरोपित पदाधिकारी के इस कथन से स्पष्ट है कि उनके द्वारा कारा में प्रतिबंधित सामग्रियों की बरामदगी कर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर महज खानापूरी की गई थी। उनके द्वारा कारा में प्रतिबंधित सामग्रियों के प्रवेश को निषिद्ध करने के लिए कोई कारगर व्यवस्था स्थापित नहीं की गई थी। दिनांक 03.03.2021 को जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा की गई छापेमारी में मोबाईल सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों की बरामदगी के उपरान्त दिनांक 07.03.2021 को कारा प्रशासन द्वारा तथा दिनांक 08.03.2021 को कारा महानिरीक्षक द्वारा की गई औचक छापेमारी में पुनः मोबाईल फोन की बरामदगी हुई है। इस प्रकार लगातार तीन तिथियों को हुई छापेमारी में मोबाईल सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों की बरामदगी से स्पष्ट है कि कारा के अंदर लगातार मोबाईल का प्रवेश हो रहा था, जिस पर रोक लगाने में आरोपित पदाधिकारी पूर्णतः विफल रहे हैं। जहाँ तक कारा के बगल में अवस्थित बहुमंजिले इमारतों से कारा के अंदर मोबाईल फेंके जाने का प्रश्न है, तो इस पर कड़ी निगरानी रखने की जवाबदेही आरोपित पदाधिकारी की हीं थी। आरोपित पदाधिकारी द्वारा इन सारी परिस्थितियों के लिए तत्कालीन उपाधीक्षक को पूर्णतः जवाबदेह ठहराया गया है, किन्तु कारा के मुख्य नियंत्री एवं पर्यवेक्षी पदाधिकारी होने के नाते अपने अधीनस्थ कर्मियों पर नियंत्रण एवं उनके कार्यों का सतत् पर्यवेक्षण करने की जवाबदेही आरोपित पदाधिकारी की थी, जिसके निर्वहन में वे विफल रहे हैं।

आरोपित पदाधिकारी का अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में कहना है कि उनके कार्यालय प्रधान होने के नाते संचालन पदाधिकारी द्वारा आरोप को अंशतः प्रमाणित किया गया है। उनका कहना है कि दिनांक 03.03.2021 को जिलाधिकारी, पटना के औचक निरीक्षण के क्रम में 30 मिनट विलम्ब से कारा का मुख्य द्वार खोलने के संबंध में तत्कालीन उपाधीक्षक दोषी हैं, किन्तु आरोपित पदाधिकारी के विरूद्ध गठित आरोप का मुख्य बिन्दु यह है कि उनका अपने अधीनस्थ उपाधीक्षक पर नियंत्रण का अभाव परिलक्षित होता है। बिहार कारा हस्तक, 2012 के नियम–796 (i), (ii) के विहित प्रावधान के अनुसार काराधीक्षक सम्पूर्ण कारा के नियंत्री एवं मुख्य पर्यवेक्षी पदाधिकारी होते हैं। आरोपित पदाधिकारी द्वारा कारा में स्थापित प्रशासनिक कुव्यवस्था का ही यह परिणाम है कि उनके अधीनस्थ कर्मियों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से नहीं किया जा रहा था तथा आरोपित पदाधिकारी द्वारा इसका सतत् पर्यवेक्षण नहीं किया गया। फलस्वरूप औचक निरीक्षण में जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं बल के पहुँचने पर लगभग 30 मिनट विलम्ब से कारा के मुख्य द्वार को खोला गया, जिस कारण न केवल पदाधिकारियों को अनावश्यक प्रतीक्षा करनी पड़ी, बल्कि औचक निरीक्षण/छापेमारी का उद्देश्य भी विफल हो गया। आरोपित पदाधिकारी का यह कृत्य उनकी गंभीर प्रशासनिक विफलता का परिचायक है। साथ ही स्पष्ट है कि कारा में गंभीर अराजकता एवं प्रशासनिक कुव्यवस्था व्याप्त थी, जिस कारण जिला प्रशासन की टीम के कारा पर पहुँचने पर आरोपित पदाधिकारी के अधीनस्थ कर्मी द्वारा जानबूझकर 30 मिनट विलम्ब से कारा का गेट खोला गया, जिसमें आरोपित पदाधिकारी की मिलीभगत से इन्कार नहीं किया जा सकता।

आरोपित पदाधिकारी का अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में कहना है कि जब जिला पदाधिकारी द्वारा कारा के अंदर प्रवेश किया गया, तो उन्होंने गोलघर जाने की इच्छा जतायी, जिसमें कुख्यात बंदी सुबोध सिंह संसीमित था, लेकिन जब वे गोलघर से बाहर निकले तो डिवीजन वार्ड की बात कही, लेकिन डिवीजन वार्ड न जाकर जुवेनाईल वार्ड चले गये, जबकि इस संबंध में जिला पदाधिकारी, पटना के प्रतिवेदन में स्पष्ट अंकित है कि औचक निरीक्षण/छापेमारी के क्रम में आरोपित पदाधिकारी से उच्च श्रेणी वार्ड (डिविजन वार्ड) के संबंध में पृच्छा करने पर उनके द्वारा जो वार्ड दिखाया गया, वह वास्तव में विजिलेंस वार्ड निकला। इसी प्रकार जिला पदाधिकारी द्वारा स्पेशल सेल के निरीक्षण हेतु जानकारी प्राप्त किये जाने पर आरोपित पदाधिकारी द्वारा एक ही स्पेशल सेल के बारे में बताया गया, जबकि कारा में दो स्पेशल सेल है। इस प्रकार आरोपित पदाधिकारी द्वारा उक्त निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी, पटना को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया गया है, जो उनकी गंभीर अनुशासनहीनता एवं धृष्टता का द्योतक है। बिहार कारा हस्तक,2012 के नियम 797(iii) में विहित प्रावधान के अनुसार काराधीक्षक को कारा का नियमित परिभ्रमण करना है, किन्तु स्पष्ट है कि आरोपित पदाधिकारी को कारा के वार्डों की सामान्य जानकारी तक नहीं थी तथा उनका कारा पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया था।

आरोपित पदाधिकारी का अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में कहना है कि वे दिनांक 13.02.2021 से 15.02.2021 तक BICA, हाजीपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित थे। उनका यह भी कहना है कि परस्पर विरोधी प्रतिवेदन देने के संबंध में उनका उद्देश्य कोई भ्रामक स्थिति पैदा करना नहीं था, बल्कि पूर्व में किये गये गलती का सुधार मात्र था, जबकि कारा में संसीमित कुख्यात बंदी सुबोध सिंह द्वारा कुणाल शर्मा नामक एक बंदी से रंगदारी मांगने एवं बंदी कुणाल शर्मा से जेल में उठक–बैठक कराने का वीडियो वायरल होने से संबंधित समाचार 'दैनिक भास्कर' अखबार में दिनांक 01.03.2021 को ''सोना लूटेरा सुबोध सिंह ने जेल से व्हाट्सएप कॉल कर मांगी 10 लाख रंगदारी ''शीर्षक से प्रकाशित हुई तथा उठक–बैठक कराने का वीडियो न्यूज–18 बिहार/झारखंड पर प्रसारित हुआ। इस संबंध में आरोपित पदाधिकारी द्वारा दो अलग–अलग प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया गया, जिसमें से एक प्रतिवेदन में उन्होंने उक्त वीडियो के कारा में बनाये जाने से इन्कार किया है, किन्तु दूसरे प्रतिवेदन में उन्होंने वायरल वीडियो कारा में ही शूट किये जाने की बात को स्वीकार किया है। इस प्रकार आरोपित पदाधिकारी के इन दो परस्पर विरोधाभाषी प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि उनके द्वारा इस घटना को Manipulate किये जाने का प्रयास किया गया है, जबकि विभागीय जाँच दल के द्वारा जाँच में पाया गया कि वीडियो वास्तव में कारा के बंदी कक्ष संख्या–3/22 में नवम्बर–दिसम्बर, 2020 में बनाया गया था। इस प्रकार आरोपित पदाधिकारी का अपने जवाब में यह स्वीकार करना कि परस्पर विरोधी प्रतिवेदन देने में पूर्व में किये गये गलती का सुधार मात्र था, उनकी गंभीर अनुशासनहीनता एवं जान–बूझ कर मामले को दिशाहीन करने का प्रयास है।

आरोपित पदाधिकारी के विरूद्ध गठित आरोप का मुख्य बिन्दु यह है कि कारा में प्रतिबंधित सामग्री मोबाईल फोन का प्रवेश हुआ था और बंदियों द्वारा कारा के अन्दर मोबाईल का नियम विरूद्ध उपयोग किया जा रहा था। इस संबंध में आरोपित पदाधिकारी द्वारा अपने बचाव में कुछ नहीं कहा गया है। आरोपित पदाधिकारी का अपने द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब में कहना है कि कारा महानिरीक्षक के दूरभाषित निर्देश पर ही बंदी कुणाल शर्मा को उनके पिता से मुलाकात कराया गया था, किन्तु आरोप का मुख्य बिन्दु यह है कि बंदी कुणाल शर्मा के पिता अपने पुत्र के अतिरिक्त कारा में संसीमित अन्य बंदियों यथा–सुबोध सिंह, राजवीर सिंह आदि से भी कारा में मुलाकात करते थे। इस संबंध में आरोपित पदाधिकारी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया है। कारा के अंदर कोई मुलाकाती अपनी इच्छानुसार दूसरे बंदियों से मुलाकात नहीं कर सकता, जिससे स्पष्ट है कि इस घटना में आरोपित पदाधिकारी पूर्णरूप से जिम्मेवार हैं तथा उनका बंदियों से साठ–गाँठ भी परिलक्षित होता है।

जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा एवं तत्कालीन कारा महानिरीक्षक द्वारा कारा में की गई अलग–अलग छापेमारी में मोबाईल सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों की बरामदगी तथा कारा में व्याप्त घोर प्रशासनिक कुव्यवस्था से स्पष्ट होता है कि आरोपित पदाधिकारी कारा के प्रबंधन तथा अपने अधीनस्थ कर्मियों के पर्यवेक्षण में पूर्णतः विफल रहे हैं। आरोपित पदाधिकारी द्वारा कारा में प्रतिबंधित सामग्रियों के प्रवेश पर रोक लगाने एवं कारा में अपने स्तर से सघन तलाशी की कार्रवाई नहीं की गई है। कारा के अन्दर से बंदियों द्वारा वीडियो बनाकर वायरल किया गया तथा बंदियों द्वारा कारा के अन्दर से आपराधिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा था। यही नहीं जिला प्रशासन की टीम के कारा पर पहुँचने पर 30 मिनट विलम्ब से कारा गेट का खोला जाना तथा जिला पदाधिकारी, पटना द्वारा कारा के वार्डों के संबंध में आरोपित पदाधिकारी से जानकारी मांगे जाने पर उन्हें कारा के वार्डों की सामान्य जानकारी का नहीं होना, आरोपित पदाधिकारी की गंभीर प्रशासनिक विफलता, पदीय दायित्वों के निर्वहन में पूर्णतः विफलता एवं गंभीर अनुशासहीनता का द्योतक है। इस प्रकार आरोपित पदाधिकारी के पदस्थापन काल में राज्य के महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना, जिसमें कई खूँखार अपराधी, आतंकवादी एवं माओवादी बंदी संसीमित है, की प्रशासनिक व्यवस्था काफी लचर हो चुकी थी। आरोपित पदाधिकारी को कारा के वार्डों की सामान्य जानकारी तक नहीं थी तथा उनका अपने अधीनस्थ कर्मियों पर कोई नियंत्रण नहीं था। इस प्रकार आरोपित पदाधिकारी द्वारा बिहार कारा हस्तक, 2012 के नियम–140, 796 (i), (ii), 797 (iii) एवं 870 (iii), (iv) का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया गया है एवं कारा सुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही बरती गई। उनका यह कृत्य बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के नियम–3 (1),(2) का भी घोर उल्लंघन है। अतः आरोपित पदाधिकारी का द्वितीय कारण पृच्छा का जवाब स्वीकार करने योग्य नहीं है।

7. वर्णित तथ्यों के आधार पर अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री सत्येन्द्र कुमार, तत्कालीन अधीक्षक, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना (सम्प्रति निलंबित) के द्वितीय कारण पृच्छा के जवाब को अस्वीकृत करते हुए तथा प्रमाणित पाये गये आरोपों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के

नियम–14(vi) के प्रावधानों के तहत उनके विरूद्ध निम्नांकित दंड अधिरोपित करते हुए उन्हें निलंबन से मुक्त करने का विनिश्चय किया गया :–

''संचयी प्रभाव से चार (04) वेतनवृद्धियों पर रोक का दण्ड''।

8. **उपर्युक्त विनिश्चित दंड के संदर्भ में विभागीय पत्रांक 11673 दिनांक 21.11.2022 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श की मांग की गयी। तद्आलोक में बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पत्रांक 3770 दिनांक 27.12.2022 द्वारा दण्ड प्रस्ताव पर सहमति संसूचित की गयी है।**

9. प्रस्तावित दंड पर बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त सहमति के आलोक में अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री सत्येन्द्र कुमार, बिहार कारा सेवा, तत्कालीन अधीक्षक, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना (सम्प्रति निलंबित) संलग्न केन्द्रीय कारा, पूर्णियाँ के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14(vi) के प्रावधानों के तहत निम्नांकित दंड अधिरोपित करते हुए उन्हें निलंबन से मुक्त किया जाता है :–

'' संचयी प्रभाव से चार (04) वेतनवृद्धियों पर रोक का दण्ड ''।

आदेशः–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित की जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रजनीश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव–सह–निदेशक (प्र0)।

सं0 2/आरोप–01–17/2021–सा0प्र0–23087
सामान्य प्रशासन विभाग

संकल्प
22 दिसम्बर 2022

श्री अनुज कुमार (बि0प्र0से0), कोटि क्रमांक 980/11, अपर समाहर्त्ता, किशनगंज के विरूद्ध आरोप है कि वरीय उप समाहर्त्ता–सह–जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, खगड़िया पदस्थापन अवधि में इनके द्वारा मेसर्स कोशी कृषक राईस मिल, रामचन्द्रा, खगड़िया से बैंक गारंटी नहीं ली गई तथा Deed of Pledge नियमानुकूल नहीं रहने के कारण प्रमादी मिलर के द्वारा जमा नहीं किये गये सी0एम0आर0 के समतुल्य राशि की वसूली नहीं की गई, जिसके कारण निगम को मो0 28,59,839.00 (अठाईस लाख उनसठ हजार आठ सौ उनचालीस) रूपये की आर्थिक क्षति हुई है।

श्री कुमार के विरूद्ध गठित आरोप–पत्र में अंतर्विष्ट आरोपों के लिए विभागीय पत्रांक 19257 दिनांक 28.10.2022 द्वारा स्पष्टीकरण की गयी। श्री कुमार के पत्रांक–कैम्प (3) किशनगंज दिनांक 18.11.2022 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया।

श्री कुमार के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप एवं इनसे प्राप्त स्पष्टीकरण की अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा सम्यक् समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त श्री कुमार के स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया गया एवं प्रतिवेदित आरोप की वृहत जाँच हेतु बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के संगत प्रावधानों के तहत् विभागीय कार्यवाही संचालित किया जाता है, जिसमें आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर को संचालन पदाधिकारी तथा सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना द्वारा नामित किन्हीं वरीय पदाधिकारी को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध है कि इस विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी को सहयोग प्रदान करने हेतु अपने अधीनस्थ किन्हीं वरीय पदाधिकारी को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त कर संचालन पदाधिकारी, आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर एवं सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचित करेंगे।

श्री कुमार से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बचाव के संबंध में अपना पक्ष रखने हेतु जैसा कि संचालन पदाधिकारी अनुमति दें, उनके समक्ष स्वयं उपस्थित होंगे।

आदेश :–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शिवमहादेव प्रसाद, अवर सचिव।

सं0 R-503/84/2022-SECTION 14-RDD-RDD (COM-179949)-1499390

ग्रामीण विकास विभाग

संकल्प
11 जनवरी 2023

श्री अशोक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, दुर्गावती (कैमूर) के विरुद्ध पंचायत समिति के स्तर से 15वें वित्त आयोग मद से क्रियान्वित योजनाओं में बरती गयी अनियमितता के आलोक में जिला पदाधिकारी, कैमूर के

पत्रांक 440 दिनांक 20.05.2022 द्वारा उनके विरुद्ध आरोप पत्र उपलब्ध कराया गया। प्राप्त आरोप पत्र पर विभागीय ज्ञापांक ।/28216/2022 दिनांक 15.07.2022 के द्वारा स्पष्टीकरण की मॉग की गयी । कार्यालय प्रखंड विकास पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ) के पत्रांक- 1302 दिनांक- 30.08.2022 द्वारा श्री कुमार का स्पष्टीकरण प्राप्त है ।

श्री अशोक कुमार के विरुद्ध जिला पदाधिकारी, कैमूर से प्राप्त आरोप पत्र एवं श्री कुमार के स्पष्टीकरण की समीक्षा विभाग द्वारा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया आरोप गंभीर प्रकृति के हैं जिसकी वृहत् जॉच की आवश्यकता है । तदालोक में श्री कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया।

श्री कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने हेतु श्री अरबिंद मंडल, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है एवं उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त करने हेतु जिला पदाधिकारी, कैमूर को निदेश दिया जाता है।

तदनुसार एतद् द्वारा श्री अशोक कुमार को आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रति प्राप्त होने पर संचालन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर जैसा कि संचालन पदाधिकारी आदेश दें अपना स्पष्टीकरण/लिखित बचाव बयान (साक्ष्य सहित) उनके समक्ष प्रस्तुत करेंगे ।

विभागीय कार्यवाही के संचालन के प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

आदेश:- आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रति सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी जाय ।

बिहार-राज्यपाल के आदेश से,
बालामुरूगन डी0, सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 44—571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in